दिनांक 13.07.2018

**स्वच्छ भारत अभियान** **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

**भिलाईनगर/** निगम क्षेत्र अंतर्गत मौसमी एवं जलजनित बिमारियों के रोकथाम एवं बचाव हेतु निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में निगम का स्वास्थ्य विभाग एवं शहरी परिवार कल्याण केन्द्र सुपेला के संयुक्त गठित टीम द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार निरंतर विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जारी है विगत 07 से 13 जुलाई 2018 तक वार्ड क्रमांक 63, 31, 13, 24 क्रमशः रुआबांधा बस्ती में यादव मोहल्ला, खुर्सीपार जोन–03, दुर्गा मंदिर के पास स्थित सौ0 मंच, राजीव नगर सुपेला में निष्ठा महिला मण्डल कार्यालय के पास, शारदा पारा केम्प–02, भैरव बस्ती में जयस्तंभ के पास, आयोजन शिविर में आये कुल 115 मरीजों का पंजीयन कर जिसमें दस्त 04, उल्टी 02, बुखार 06, रोग निरोधक दवाईयां दी गई। शिविर में आये 46 अन्य 103 को ओ0आर0एस0 पैकेट का वितरण किया गया। क्षेत्र, मोहल्ले में जनसमुदाय में जनजागरुकता लाने हेतु पीलिया, जलजनित बिमारियों के बचाव एवं सावधानियां संबंधित 150 नग पाम्पलेट का वितरण किया गया। शिविर दल द्वारा शिविर में आये मरीजो को पानी उबालकर पीने, ताजे एवं गरम भोजन का सेवन करने तथा सड़े–गले फल, सवंमित खाद्य पदार्थों का सेवन न करने की निरंतर स्वास्थ्य शिक्षा दी जा रही है।

**जन सम्पर्क अधिकारी**